भारत सरकार

परमाणु ऊर्जा विभाग

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 2

जिसका उत्तर दिनांक 02.02.2023 को दिया जाना है

परमाणु ऊर्जा के उत्पादन में निजी कंपनियाँ

2 # श्री जुगलसिंह लोखंडवाला :

क्या **प्रधानमंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या परमाणु ऊर्जा के उत्पादन में निजी कंपनियों को शामिल किया जा रहा है;

(ख) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या परमाणु ऊर्जा एवं इससे जुड़े क्षेत्रों में स्टार्टअप को बढ़ावा दिया जा रहा है; और

(घ) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

राज्य मंत्री, कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन तथा प्रधान मंत्री कार्यालय (डॉ. जितेंद्र सिंह) :

(क) तथा (ख) भारतीय निजी क्षेत्र क्रोड रिएक्टर घटक, उपकरण, सामग्री और उपकरणों के निर्माण, विनिर्माण और स्थापन, पाइपिंग, इलेक्ट्रिकल मापयंत्रण क्षेत्रों में सेवाएं, परामर्शी, सहायक और प्रबंधकीय सेवाएं प्रदान कर देश के नाभिकीय विद्युत कार्यक्रम में बड़े पैमाने पर योगदान दे रहा है।

(ग) तथा (घ) न्यूक्लियर पावर कारपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (एनपीसीआईएल) सरकारी-ई-बाजार (जेईएम) के माध्यम से और एमएसएमई से बड़ी मात्रा में माल और सेवाएं प्रापण करता है। इन एमएसएमई में कई स्टार्टअप शामिल हैं। एनपीसीआईएल लगातार स्टार्टअप सहित अधिक विक्रेताओं विशेषकर अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति और महिलाओं को आगे बढ़ाने के लिए प्रयास करता है।

* * * * *